हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 22 जनवरी 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान
अधिकतम 26.4 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री


11 छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति को सहेजने सरकार प्रतिबद्धः विधायक ललित





17 खुर्सीपार में हर घर जलेगा रामनाम का दीपक




## खबर संक्षेप

### शिवमंदिर में की सफाई



**भिलाई।** पूर्व भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया की नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा शिव मंदिर भेलवा तालाब नेहरू नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर विनोद देवांगन, उत्तम साहू, संजय सिंह, योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विजय जायसवाल,महिला मोर्चा की अध्यक्षा स्वीटी कौशिक , सरला आचार्य आदि शामिल हुए।

### निःशुल्क ऑपरेशन आज

**दुर्ग।** 22 जनवरी सोमवार को राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस मौके पर एसआर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर चिखली में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में नार्मल डिलीवरी, सिजीरियन डिलीवरी एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएगे।

### चाकू पोस्ट किया, युवक को कराया उठक-बैठक

**भिलाई।** सोशल मीडिया में चाकू पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने उठक बैठक करा कर माफी मंगाया गया। घटना दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र का है। टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि हरनाबांधा दुर्ग निवासी इमरान खान नामक युवक ने अपने इंस्टाग्राम पर चाकी लहराते हुए एक पोस्ट डाला। युवक इसमें चाकू के साथ दबंगई दिखा रहा था। पोस्ट के वायरल होने के बाद ही कोतवाली दुर्ग ने उसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई। साइबर सेल की मदद से युवकल का शिनाख्त कर शनिवार को पुलिस ने इमरान को पकड़ा कर थाने लेकर आई। जहां इमरान की जमकर क्लास ली और समझाइश के बाद युवक से उठक-बैठक कराई गई। उक्त पोस्ट को डिलीट भी कराया गया।

### लोककला महोत्सव आज

**भिलाई।** शिव शक्ति एवं आदर्श सेवा मंडली द्वारा तीन दिवसीय लोककला समारोह का आयोजन मां कल्याणी शीतला मंदिर परिसर मरोदा में 22 जनवरी तक किया जा रहा है। मुख्य अतिथि डां. राधेश्याम निषाद अध्यक्ष निषाद समिति अध्यक्षता मां कल्याणी शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष अरुण वर्मा विशेष अतिथि पार्षद विधि यादव व सरिता देवांगन होगी।

### हथियार सहित युवक पकड़ाया

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर आतंक फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि गांधी चैक पुरानी बस्ती सुपेला के पास रमेश यादव उर्फ रमउ नामक युवक धारदार हथियार लेकर आंतक फैला रहा था।

## भगवामय हुई ट्विनसिटी

### अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर साक्षी बनने लाइव टेलीकॉस्ट भी होगा

# श्रीराम की शोभायात्रा, घरों में दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अविस्मरीय पल का साक्षी बनने लोगों ने ऐसी तैयारी की है कि ट्विनसिटी ही अयोध्या सी लगने लगी है। हर गली, सड़क, चौक-चौराहे हो या मार्केट भगवामय हो गया है। मंदिरों और घरों को आर्कषण झालरों व फूलों से साज-सज्जा की गई है। प्राण प्रतिष्ठा पूर्व रविवार की संध्या जगह-जगह राम भक्ति में राम भजन होने लगे हैं। मंदिरों में रामजी की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। घर-आंगन में राम लला की आकर्षण रंगोली बनाई गई है। मंदिर परिसरों में भक्तिपूर्ण विशेष आयोजन भी हो रहे हैं।



श्यामाश्यामधाम मंदिर चंद्रनगर में गाजे-बाजे के साथ निकाली श्रीराम शोभायात्रा।



रविशंकर स्टेडियम में रविवार को हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए बच्चे।

### जिले के 6000 मंदिरों व हर घर में जलेंगे दीप

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर हर घरों में दीप जलाए जाएंगे। मंदिरों में भी हजारों दीप जलेंगे। जिले में लगभग 6 हजार मंदिर हैं। बाजार में 25 लाख दीए आए हैं। पिछले दो दिनों में की करीब 7 लाख दिए बिक चुके हैं। विशेष कर मंदिरों में 1000 से लेकर 21 हजार दिए जलाए जाएंगे। इसके अलावा विशेष कार्यक्रम के तहत एसएनजी विद्या भवन सेक्टर 4 प्रांगण में 1.8 लाख दीए भी जलाए जा रहे हैं।

### मंदिरों में भजन कीर्तन व जगह-जगह भंडारा

भिलाई-दुर्ग के मंदिरों में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ अनिवार्य रूप से किया जा रहा है। जिले में करीब 5000 मानस और भजन मंडलियां हैं। 22 जनवरी सोमवार को ये भी मंडलियां अपने आसपास के गली-मुहल्ले व गांव के मंदिरों में जाकर सेवाएं देंगे। ट्विनसिटी में भगवान श्री राम की शोभायात्रा और भंडारा का कार्यक्रम भी हर मंदिरों में आयोजित होंगे।

### लाइव टेलीकॉस्ट देखेंगे श्रद्धालु

भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की साक्षी बनने मंदिरों में लाइव टेलीकॉस्ट की व्यवस्था की गई है। एलईडी टीवी और बड़े परदे पर इस समारोह को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु दोपहर 12.30 बजे तक मंदिरों में ही मौजूद रहेंगे। उसके बाद महाआरती होगी। भंडारा का भी आयोजन मंदिरों में किया गया है।

### पताका, तोरण और भगवा कपड़ों की खूब खरीदारी

श्रीराम लला की अयोध्या में भव्य मंदिर और उनकी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहरवासियों में अलग ही उमंग, उत्साह और आस्था है। ऐसा लग रहा है मानो कि राम जी उनके ही घरों में आने वाले हों। बाजारों में लोग पताका, तोरण और सजावट सामग्री की खूब खरीदारी कर रहे हैं। फूलों की जो डिमांड दिवाली त्योहार पर होती है वैसी ही डिमांड इस दिन के लिए हो गई है। इस दिन के लिए लोग भगवा रंग के कपड़े भी खरीद रहे हैं।



**भिलाई।** रंगोली कलाकार आरके भीमा विकास ने श्रीरामलला को समर्पित रंगोली बनाई।



**भिलाई।** श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्व ट्विनसिटी में इस तरह है जश्न का माहौल।



**भिलाई।** शहर में इस तरह निकली श्रीराम, जानकी और हनुमान की भव्य शोभायात्रा।

### हजारों श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा का 21 बार पाठ

दुर्ग। रविवार को जिला मुख्यालय के पंडित रविशंकर स्टेडियम में बढ़ी संख्या में भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। नगर के विभिन्न छोटे-बड़े मंदिरों से भक्तगण भव्य शोभायात्रा निकालकर पंडित रविशंकर स्टेडियम पहुंचे और दोपहर 3 बजे से विशाल जनसमुदाय नें हनुमान चालीसा का पाठ प्रारम्भ हुआ, जो शाम तक चला। जिला मुख्यालय दुर्ग सहित तीनों विकासखण्डों में प्रमुख मंदिरों में मानस मंडलियों के मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### बाल रूप में दिखे भगवान



सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के दौरान भगवान श्रीरामचंद्र, सीता मैया और भरत, शत्रुघ्न, लक्ष्मण का वेष धरे बालक आकर्षण का केंद्र रहे। हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने श्रद्धालु पहले राम जानकी मंदिर आमदी मंदिर रेलवे स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर बड़े मठ मठपारा, रामदेव बाबा मंदिर गंजपारा, सीताराम पंचायती मंदिर गांधी चौक, राम जानकी मंदिर कसारीडीह, हनुमान मंदिर रायपुर नाका में एकत्रित हुए। कार्यक्रम में व्यवस्थापक चतुर्भुज राठी, नितीश चंद्राकर, प्रमोद वाघ, सुनील वैष्णव, विहिप के अनिल गुर्जर, महेश यादव, श्याम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, दीपक चोपड़ा, अजय तिवारी, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद थे।

### कड़रका में वर्षों पुराना रामजानकी मंदिर



**कुम्हारी।** कुम्हारी क्षेत्र में वर्षों पुराना रामजानकी मंदिर है। यह मंदिर कुम्हारी-अहिवारा मुख्य मार्ग पर स्थित है। सन 1981 में स्व. जीवधन सिंह राजपूत व ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर निर्माण किया गया। इसके लिए बनारस से राम, सीता, लक्ष्मण ,हनुमान की मूर्ति लाकर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। तब से आसपास के गांव में एक मात्र यह राम जानकी मंदिर ग्राम कड़रका में है।

**आज कार्यक्रमः** श्रीराम चौक दशहरा मैदान जोन-2 खुर्सीपार सेक्टर-11 में 51 हजार ज्योति प्रज्वलित होंगी।
- सेक्टर-2 हनुमान मंदिर में 1001 ज्योति जलेंगे।
- श्यामा श्याम धाम मंदिर में चंद्रनगर उमरपोटी 15001 दीप प्रज्जवलित होंगे। भंडारा भी आयोजित है।
- बैकुंठधाम में भंजन संध्या का आयोजन
- प्रगतिनगर रिसाली में संगीतमय सुंदरकांड सुबह 11 बजे से होगा।

**ठगी**

## ज्वेलरी कारोबार में रकम लगाने का झांसा, ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एक दंपत्ति ने रकम जमा करने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी किया है। शिकायत के बाद पुलिस न दंपत्ति के खिलाफ धारा 294,420, 506बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि सदर बाजार रोड दुर्गा मंदिर नरोरा कम्पलेक्स दुर्ग निवासी प्रकाश कुमार देवांगन का आरोपी दंपति वार्ड 33 चंडी मंदिर रोड दुर्ग निवासी वी. सतोंष आचारी सोनारी और वी रानी सोनी से पुरानी जान पहचान है। पीड़ित को आरोपी दंपत्ति सोने के व्यापार में रुपए लगाने पर 6 माह में रकम दोगुना होने का झांसा दिया। पीड़ित ने 26 सितंबर 2018 को दंपत्ति को चेक के माध्यम से तीन बार में 3 लाख रुपए दिया। 2 अक्टूबर को आरोपियों ने पीड़ित को बुलाकर सोना का कोरोबार में लाभ होना बताकर 20 हजार रुपए की रकम उसे थमा दिया। फिर आरोपियों ने पीड़ित को नया ऑफर दिया जिसमे ढ़ाई लाख रुपए लगाने पर ज्यादा लाभ होने का लालच दिया। इस पर प्रकाश देवांगन से लाभ का आय तक नहीं दिया। पीड़ित से आरोपियों ने कुल 5 लाख 50 हजार रुपए का ठगी किया।

**दुर्घटना**

## सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सड़क हादसे में एक्टिवा सवार पिता की मौके पर मौत हो गई वहीं बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि पटेल चौक दुर्ग के पास अनियंत्रित कार सीजी 8 एवी 9503 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए। एक्टिवा सीजी 07 बीआर 3271 में वार्ड 39 ऋषभ नगर दुर्ग निवासी पिता प्रकाशचंद जैन और बेटा प्रियंक जैन सवार होकर दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इस दौरान दोनों पटेल चौक के पास पहुचे ही थे कि भिलाई की ओर से कार तेज रफ्तार से आ रही थी। कार ने एक्टिवार सवार प्रियंक और प्रकाशचंद को चपेट में लिया। घटना में मौके पर प्रकाशचंद की मौत हो गई और प्रियंक गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक प्रकाशचंद जैन तहसील ऑफिस के मुख्य गेट के सामने जैन फ्लेक्स के नाम से दुकान का संचालन करता था। पुलिस कार चालक राजनांदगांव निवासी कमलेश्वर साहू पर कार्रवाई की है।

**चोरी**

## मोबाइल दुकान से 3 लाख का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोबाइल दुकान का दरवाजा तोड़कर मोबाइल, नगदी,एसेसरीज पार करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि सड़क 3 पाटनकर कालोनी दुर्ग निवासी सन्नी वासवानी का कसारडीह चौक दुर्ग में एसएस मोबाइल और एसेसरीज का दुकान है। शुक्रवार की रात सन्नी अपनी दुकान 10 बजे शटर में ताला जड़कर घर निकल गया। राजू धोबी ने पीड़ित को कॉल कर चोरी होने की सूचना दी। पीड़ित दुकान पहुंचने पर देखा तो शटर के बाजू वाले दरवाजा का ताला टूटा पड़ा मिला। दुकान के भीतर से करीब 3 लाख रुपए कीमत के 42 मोबाइल गायब मिला। इसमें से 24 नए और 18 पुराने मोबाइल, 10 हजार रुपए के एसेसरीज और गल्ला में रखा गया नगदी 12 हजार रुपए भी गायब मिला। इस दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी को चेक करने पर मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी कैद हो गए है। फुटेज में दुकान के भीतर से चोरी करते नगदी पार करते दिखाई दे रहें है।

**जामुल थाना क्षेत्र की है घटना**

## खाट के नीचे मच्छर अगरबत्ती लगाई, जिंदा जली बुजुर्ग महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बहू-बेटे ने नहीं सुनी चीख-पुकार
- सुबह मिली बुजुर्ग की लाश

मच्छर मारने के लिए घर में लगाई गई अगरबत्ती से एक बुजुर्ग महिला जिंदा जल गई। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि जामुल निवासी दुखिया बाई 90 शुक्रवार रात अपने कमरे में सोई थी। मच्छर भगाने के लिए बहू ने दुखिया बाई की खाट के नीचे मच्छर मारने की अगरबत्ती रखी थी। रात में ठंड ज्यादा होने पर बुजुर्ग महिला ने कंबल ओढ़ा लेकिन उसका कुछ हिस्सा नीचे लटक गया। देर रात अगरबत्ती के चपेट में पहले कंबल आया उसके बाद दुखिया बाई आ गई। घटना के समय उसके बेटा-बहू दूसरे कमरे में सो रहे थे। महिला की उम्र अधिक होने से आगजनी से उठ नहीं पाई और चपेट में आने से जलने से मौत हो गई। घटना के दौरान महिला की चीख तक बाहर नहीं आई और परिजनों को आग की भनक तक नहीं लग पाई?

### परिजनों को सुबह जानकारी हुई

परिजनों के मुताबिक शनिवार की सुबह जब सब उठ गए तो कमरे से जलने की बदबू आ रही थी। इसके बाद दुखिया बाई के कमरे में परिजन झांकने गए। तब देखा कि बुजुर्ग महिला की लाश अधजली हालत में पड़ी हुई मिली। परिजनों ने तुरंत सूचना जामुल पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा।

### जांच में लिया

मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। परिजनों ने मच्छर भगाने के लिए अगरबत्ती लगाई थी। जिससे घटना हुई। जांच चल रही है।

**-आशीष बंछोर,** सीएसपी छावनी

### आर्य समाज मंदिर में हुआ 200 कुंडीय महायज्ञ

# महर्षि दयानंद की शिक्षा समूचे विश्व के लिए उपयोगीः पुरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 भिलाई में शनिवार को ऐतिहासिक भव्य एवं अद्भुत 200 कुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ। इस महायज्ञ में अंबिकापुर रायगढ़ बिलासपुर रायपुर दुर्ग भिलाई धमतरी से हजारों श्रद्धालु आहुति डालने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों को प्रभावी ढंग से रखने के लिए आर्य समझो को प्रेरित किया था।

आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग ने कहा कि स्वामी दयानंद की शिक्षाएं विश्व के लिए सामूहिक एवं उपयोगी हैं। अमृतसर से पधारे पंडित दिनेश पथिक ने सुमधुर भजनों को प्रस्तुत करके श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद दया से भरे हुए आनंद स्वरूप हैं।

**200 यज्ञ कुंडों में डाली गई 7100 आहुतियां**



उनके विचार को सुनकर लाखों करोड़ों लोग आज भी सत्य का प्रकाश प्राप्त करते हैं। महायज्ञ के ब्रह्मा डॉ वेदपाल आर्य मेरठ ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने बेरोजगारों की जनता की अर्थशास्त्र की चिंता की रोजी-रोटी की चिंता की अध्यात्म की चिंता की मनुष्य की शारीरिक आत्मिक और सामाजिक उन्नति की चिंता की है ऐसी व्यापक चिंतन वाला विचारक धरती पर कोई दूसरा नहीं है। उन्होंने वेदों का भविष्य किया और वेद के सत्य को धरातल पर प्रकट किया। डॉ.आर्य ने कहा कि स्वामी दयानंद ने राम और कृष्णा को भारतीय संस्कृति का मूल आधार माना है पूर्ण ग्राम विराम को मर्यादा पुरुषोत्तम और श्री कृष्ण को योगेश्वर कहकर के संबोधित करते थे।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत कुछ भी धर्म का कार्य नहीं किया। आज समाज के सामने अनेक चुनौतियां हैं पूर्ण ग्राम राम के चरित्र को जानकार हम उन चुनौतियों को दूर कर सकते हैं। ऋषि दयानंद ने सनातन धर्म की रक्षा की। मनुस्मृति में वेद को सनातन चक्षु कहा गया है। वेदों के बिना सनातन धर्म को जाना समझा या बचाया नहीं जा सकता। इसीलिए ऋषि दयानंद ने वेदों की ओर लौटो यह नारा दिया। स्वामी श्रद्धानंद स्वामी डॉ.देवव्रत निधि सभा को संबोधित किया।

छत्तीसगढ़ क्रांति आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान डॉ रामकुमार पटेल ने सभी श्रोताओं का धन्यवाद किया। आर्य समाज के पदाधिकारियों ने साधु संतु आचार्य विद्वानों ब्रह्मचारियों ब्रह्मचारी कन्याओं का स्वागत किया। इस्कॉन अक्षय पत्र के युवा संन्यासी श्याम गौर प्रभु एवं लोकनाथ प्रभु का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अनेक समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सत्यनारायण राठौर आईएएस आयुक्त दुर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। 2100 लोगों ने मिलकर एक साथ महर्षि दयानंद की जय मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की जय का उच्च गर्जना के साथ उद्घोष किया। समाजसेवी मनोज ठाकरे ने अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी सभी को आमंत्रित किया। शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।





माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी
प्रधान मंत्री
॥ राम के मंदिर का निर्माण
धर्म के विजय का प्रमाण ॥
मानननीय श्री विष्णु देव साय जी
मुख्य मंत्री
आज प्रभु राम अवधपुर आयेंगे
हम घर घर दीप जलाएंगे
घर, नगर, शहर एवं देश को रौशन करेंगे
Deepak Advertisers
BSBK
BSBK PRIVATE LIMITED
4th Floor, Surya Treasure Island Mall
Bhilai - 490020
e-mail: bsbk-bhilai@bsbkltd.com
website: www.bsbkltd.com
BEEKAY CORP ™
BEEKAY ENGINEERING CORPORATION
45/47, Industrial Estate, Bhilai-490026
email: info@beekaycorp.com,
website : www.beekaycorp.com

## खबर संक्षेप

### दिनेश बने प्रदेश महामंत्री



**भिलाई।** भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता एवं बीएसपी शिक्षा विभाग में कार्यरत दिनेश पांडेय को भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश का महामंत्री बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के प्रदेशाध्यक्ष गुरमीत कौर, जिलाध्यक्ष मिथलेश विश्वकर्मा, सुनीता, बबीता, संगीता, कलावती, कामनी साहू, लुर्दमेरी, चंद्रमुखी, कविता, लक्ष्मी आदि सदस्यों ने बधाई दी।

### योग शिविर आज से

**सेलूद।** शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय भनसूली के द्वारा ग्राम सोनपुर में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन 22 से 27 जनवरी तक किया जायेगा। जिसमे योग प्रशिक्षक खिलेश्वरी निषाद द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जायेगा।

### रामोत्सव आज

**अंडा।** ग्राम समोदा में समस्त ग्रामवासी एवं बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में 22 जनवरी को रामोत्सव मनाया जाएगा। प्राचीन राम मंदिर में ग्राम पुरोहित के द्वारा कलश स्थापना किया जाएगा।

### आज राममय होगा नगर

**कुम्हारी।** कुम्हारी रामनगर राम मंदिर में आज रामायण पाठ प्रारंभ होगा। वार्ड क्रमांक 15 के दुर्गा मंच में आज दोपहर 2 बजे से हनुमंत आराधना कान्हा महाराज द्वारा महाप्रसाद वितरण के साथ ही आयोजन का समापन होगा।

# छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति को सहेजने सरकार प्रतिबद्धः विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जय माँ सेवा समिति द्वारा ग्राम पुरई और ग्राम पाऊवारा में लोक कला कार्यक्रम और महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें विधायक ललित चंद्राकार उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छग की इस पारंपरिक लोककला शैली के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक धरोहर और उसकी महत्वता की झांकी देखने को मिलती है। यहां प्रस्तुतियां दे रहे कलाकारों ने वर्षों इस कला को साधा है और इसका प्रभाव मंच पर दिखता है। लोग इसका भरपूर आनंद भी ले रहे हैं।

विधायक ललित ने कहा कि यह महोत्सव काफी विशेष है। अलग-अलग स्थानों के कलाकार यहां जुटे हुए हैं। यह एक महासम्मेलन भी है। लोक कलाकारों को प्रोत्साहन और मंच उपलब्ध करवाया जा रहा है। सरकार ने इनका पूरा ख्याल रखा है। अब तो छत्तीसगढ़ी सिनेमा को भी पंख मिले हैं। छत्तीसगढ़ी गीतों पर थिरकते कलाकारों ने सभी का मनोरंजन किया। नाचा में हास्य-व्यंग्य की भी प्रस्तुतियां हुईं।

दूर-दूराज के सैकड़ों ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर मंडल महिला मोर्चा शीतल ठाकुर, महामंत्री सोनू राजपूत, सुखित यादव, छबील साहू, रुपेश पारख, अजीत चंद्राकर, नरेंद्र साहू, खुबलाल, मानिक साहू, संरक्षक थानु राम साहू, अध्यक्ष सुनील पटेल, सचिव तेजेश्वर साहू, त्रिभुवन साहू, देवेंद्र सिंह राजपूत, शंकर सिंह राजपूत, कामदेव निषाद, पुकेश साहू और ग्राम पाऊवारा में सरपंच वामन साहू, ऋषि देशमुख, दीपक यादव, प्रीतम साहू, खुमान साहू, सोनू साहू समस्त ग्रामवासी उपस्थित हुए।

# पिता और बहन की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर



**भिलाई।** माता-पिता की पुण्यतिथि पर विभिन्न कर्मकाण्डों का प्रावधान है पर जो मॉडल टाउन निवासी सुरेश महानंद एवं उनका परिवार करता है। ऐसी सोच बहुत कम लोगों की होती है। अपने पिता माधव महानंद एवं बहन मंजू जाल की पुण्यस्मृति में महानंद परिवार ने गरीबों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। मॉडल टाउन स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित इस शिविर में खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।परिवार के सबसे छोटे पुत्र व उत्कल शिक्षा मिशन सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश महानंद ने बताया कि प्रति वर्ष पिता एवं बहन की स्मृति में वे समाज सेवा का कोई न कोई उपक्रम करते हैं। इस वर्ष श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ प्रभा पटेरिया एवं डॉ छबिलाल साहू ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई। इस अवसर पर सीएचपीएल प्लानिंग डिविजन के पूर्व एजीएम एसडी सेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। पार्षद हरिओम तिवारी, वीरेन्द्र कुमार शुक्ला, इमेजेस डायग्नोस्टिक जितेन्द्र ताण्डी तथा परिवार की तरफ से युनुस जाल, दुर्वासा नाग, शोभित नायक, प्रिया ताण्डी, हिना नाग, अयुग जाल उपस्थित थे। शिविर में 30 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। इससे पहले शनिवार को राम शीला की कुटिया वृद्धाश्रम में भी निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया था।

# दीपावली मनाने तैयार हुए रामभक्त, होगा महाआरती व भंडारा



**जामगांव आर।** अयोध्या में आज होने वाले रामलला प्राणप्रतिष्ठा के लिए सभी जगह राममय वातावरण दिखाई दे रहा है। जामगांव आर में शीतला समिति, रामायण समिति व दुर्गा उत्सव समिति संयुक्त रूप से ग्रामवासियों के साथ मिलकर आयोजन की तैयारी में लगे हुए है। इसी कड़ी में रविवार को मातृशक्ति ने पूरे नगर में झाड़ू लगाकर सफाई की वहीं युवाओं ने साज सजावट कर घर घर जाकर भगवा पताका लगाया। साहू समाज परिक्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू व मेघनाथ सागरवंशी, किवेश चंद्राकर, अंगेश्वर साहू ने बताया कि प्राणप्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखने के बाद भव्य कलश यात्रा निकलेगी ।

### आज मनाएंगे रामोत्सव

**जामगांव आर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राणप्रतिष्ठा दिवस पर गांव में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के बच्चों ने दीपावली मनाने का आव्हान किया। यह जुलूस विद्यालय से अटल चौक, बाजार चौक, सदरलाइन, पटेलपारा, किसान चौक, बेलहारी रोड होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पहुंची।










# अयोध्या के श्रीराम मंदिर में भव्य श्रीराम लला की मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं




























**अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं**

जय श्रीराम



# श्री दुर्ग शहर में

**फीस 251/- मात्र**

# सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं.एम.पी. शर्मा

## माँ दुर्गा बगुलामुखी उपासक

विगत चालीस वर्षो से स्थाई तौर पर उपस्थित माँ कामाख्या माँ भद्रकाली माँ शतचंडी जी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओ के आधार पर आर्थिक मानसिक-शारीरिक-पारिवारिक, व्यापार सम्बन्धित काल सर्प दोष मांगलिक दोष गृह क्लेश विवाह मे बाधा, गुप्त शत्रु बाधाऐ आर्कषण, ऊच्चाटन, मारण, मस्तिक दमन इन बाधाओं से पीड़ित बगुला मुखी साधना द्वारा समाधान.





सुप्रसिद्ध ज्योतिषी
श्रीमती **वैदेही शर्मा**
मो.: 93439 07851

सुप्रसिद्ध ज्योतिष
**पं. सूर्या कुमार शर्मा**
मो.: 8871250663

निवास - श्री दुर्गा मंदिर परिसर, कादम्बरी नगर, धमधा रोड, दुर्ग

# पं.एम.पी. शर्मा

मो.: 8109922001
समय-सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक

## पता - श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय

सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग


।। जय श्रीराम ।।
जय श्रीराम
जय श्रीराम
500 वर्षों के संघर्ष के बाद दिनांक 22 जनवरी 2024 को
श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की
समस्त देशवासियों को कोटि-कोटि बधाई
अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर निर्माण के भागीरथ प्रयास के लिए
प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी एवं
संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत जी को
बहुत-बहुत धन्यवाद ....
छत्तीसगढ़ के राम भक्तों को श्रीराम मंदिर अयोध्या दर्शन कराने के लिए
दृढ़ संकल्पित मुख्यमंत्री मान. विष्णुदेव साय जी का
हार्दिक आभार...
गजेन्द्र यादव
विधायक, दुर्ग शहर
विनायक नातू
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा (दुर्ग)
अनूप गटागट
जिला संयोजक
आर्थिक प्रकोष्ठ
भाजपा (दुर्ग)
महेन्द्र लोढ़ा
महामंत्री
सदर मंडल
भाजपा (दुर्ग)
हेमंत देवांगन
युवा नेता
भाजपा (दुर्ग)
ए. गौरी शंकर
वरिष्ठ भाजपा नेता
(भिलाई चरोदा)
कुशल साहू
युवा भाजपा नेता
(अहिवारा)

# अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं



































ईश्वर साहू
विधायक साजा
अयोध्या के श्रीराम मंदिर में
भव्य श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं
जय श्रीराम
जय श्रीराम
सभी प्रदेश वासियों से अनुरोध है कि घर में
दीप प्रज्जवलित कर दीपोत्सव मनायें
सूरज देशमुख
प्रवक्ता एवं मंत्री बोरी भाजपा मंडल

# खुर्सीपार में हर घर जलेगा रामनाम का दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिस घड़ी का इंतजार पूरा देश कर रहा था वह शुभ घड़ी अब आ गई है। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या की भूमि पर प्रभु श्रीराम का अवतरण हो रहा है। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी और इधर भिलाई में भी उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए खुर्सीपार क्षेत्र में भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष व बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह द्वारा विशेष पहल की गई। रविवार को दया सिंह की पहल पर लक्ष्मीनगर वार्ड सहित आसपास के चार से पांच वार्डों में घर-घर दिया बाती, तेल व मिठाई का वितरण किया गया। लगभग 4000 से ज्यादा घरों में बोल बम समिति के सदस्यों ने दिया बाती, तेल व मिठाई का वितरण कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर हर घर दिया जलाने का संकल्प लिया। अयोध्या में श्री रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में इस दिवाली जैसा उत्सव मनाया जाएगा।

सिंह ने बताया कि वार्ड 44 के साथ ही आसपास के पांच वार्डों के लोगों के लिए दिया, बाती, तेल व मिठाई की व्यवस्था बनाई। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले घर-घर जाकर वितरण कराया। इस असवर पर भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया व जिला महामंत्री योगेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### 4 हजार घरों में बांटे गए दीए, दया ने की पहल



### 4 हजार से अधिक घरों में किया वितरण

दया सिंह के साथ बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के सैकड़ों सदस्य रविवार की सुबह वार्ड 44 के गणेश मंच के पास एकत्र हुए। इसके बाद घर-घर जाकर दिया, बाती, तेल व मिठाई का वितरण शुरू किया गया। दया सिंह द्वारा बांटी गई इस किट में पांच मिट्टी के दिए, पांच बाती, 100 ग्राम तेल व आधा किलो मिठाई का डिब्बा शामिल है। सुबह 8 बजे से शुरू हुआ वितरण कार्य दोपहर 3 बजे के बाद भी जारी रहा। इस दौरान बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के सदस्यों ने 4000 से भी घरों में दिया, बाती, तेल व मिठाई पहुंचाई। भगवान श्रीराम की सेवा में इस पुनित कार्य को देखकर वार्ड के निवासियों ने दया सिंह के प्रति आभार जताया। वहीं लोगों ने श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर उनके घरों के सामने दिया जलाने का संकल्प लिया।

### हर घर दिया जले

घर-घर दिया वितरण को लेकर बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह का कहना है कि प्रभु श्रीराम का 500 वर्षों का वनवास खत्म हो रहा है। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या की पावन धरती पर भगवान का भव्य मंदर बनकर तैयार हो रहा है। यह हम सभी सनातनियों के लिए गर्व का क्षण है। 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके हर घर कम से कम पांच दिए जलाए जाएं यही हमारा संकल्प है। दया सिंह ने बताया कि खुर्सीपार क्षेत्र श्रमिक बाहुल क्षेत्र है ऐसे में कोई भी परिवार राम के नाम का दिया जलाने से न चूके इसके लिए हमने घर-घर पांच दिए, बाती, तेल व मिठाई का वितरण किया।

## निधन

### कमला बाजपेयी



**भिलाई।** मकान नंबर 7/बी, स्ट्रीट 40, सेक्टर-5 निवासी कमला बाजपेयी का निधन 20 जनवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 22 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे निज निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. चंद्रकांत बाजपेयी की पत्नी थीं। वे अपने पीछे राजीव रतन बाजपेयी, राकेश चंद्र बाजपेयी, संजय बाजपेयी, सुनील दत्त बाजपेयी, साधना शुक्ला सहित भरापूरा परिवार छोड़ गईं।

### शांतिबाई यादव



**अंडा।** पुलगांव निवासी शांतिबाई यादव उम्र 85 का निधन 21 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष यादव की मां और दिनेश यादव की दादी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

# एक साथ पांच लोगों ने देहदान कर पेश की मानवता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

■ प्रनाम के पवन केसवानी ने की काउंसलिंग

रिसाली के समीपस्थित गांव धनोरा के पांच प्रबुद्धजनों ने एक साथ देहदान कर मानवता की मिसाल कायम की है। देहदान के लिए विधायक ललित चंद्राकर को मुख्य अतिथि एवं प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी को विशिष्ट अतिथि मातृ छाया जन कल्याण समिति द्वारा आमंत्रित किया गया था। समिति के वार्षिक उत्सव के दौरान देहदान के लिए एक विशेष सत्र रखा गया था, जहां पवन केसवानी ने मंच से ही देहदान की काउंसलिंग की गई। इसके बाद धनोरा के ईश्वर सिंह वर्मा और उनकी पत्नी मैना बाई वर्मा, डीएल माहेश्वरी और उनकी पत्नी शशि महेश्वरी के अलावा महेश कुमार साहू ने मानवता की भलाई के लिए निकटवर्ती मेडिकल कॉलेज के नाम जारी की



कुल पांच वसीयतें जो पवन केसवानी को प्रदान कीं। चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन के लिए राजीव लोचन आयुर्वेद कॉलेज, चंदखुरी को अपना मृत शरीर दान देने के लिए पांचों देहदानियों के परिजनों ने उनकी वसीयतों में हस्ताक्षर करते हुए अपनी सहमति प्रदान की । देहदान की काउंसलिंग के दौरान मातृ सेवा जनकल्याण समिति, धनोरा के प्रमुख पदाधिकारी प्रकाश कुमार नायक, उत्तम कुमार पटेल, पन्नालाल चंद्राकर, मंशाराम चंद्राकर, रमेश कुमार साहू आदि अनेक लोगों ने पवन केसवानी से कई प्रश्न पूछे और समाधान प्राप्त किया।








अयोध्या के श्रीराम मंदिर में
भव्य श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं


अयोध्या के श्रीराम मंदिर में
श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं
HIMANSHU
SHIVA
HIMANSHU BEVERAGE
PACKAGED DRINKING WATER
विजय अग्रवाल
अध्यक्ष चेयर पर्सन-लॉयंस क्लाब, भिलाई
अध्यक्ष-पेकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एसोसियेशन दुर्ग-भिलाई
जिला महामंत्री-अ.भा.अग्रवाल महासभा दुर्ग (छ.ग.)
कार्यकारिणी अध्यक्ष-अग्रसेन सेवा समिति औद्योगिक क्षेत्र
82-A, Industrial Estate Bhilai, Dist.-Durg (C.G.)
0788 4017901, Mob.: 95222 01616, 93018 34059
E-mail : shivatech2000@rediffmail.com


अयोध्या के श्रीराम मंदिर में
श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं
दिनेश मिश्रा
SRI TAO BAO THE KOREAN CAFE
ओम परिसर दुर्ग मो.: 7000597760


श्रीराम जय राम जय जय राम
श्री अयोध्या धाम
में श्री रामललाजी के
प्राणप्रतिष्ठा के महापर्व पर आप सभी को
हार्दिक बधाईयाँ
TEAM CREATIVE
ज्वेलर्स
पारख
ब्रदर्स एण्ड कं.
Piyush Parakh
110, आकाशगंगा, सुपेला
भिलाई



अयोध्या के श्रीराम मंदिर में
श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं
आशीष चंद्राकर
डायरेक्टर-आशीष इंफोटेक
आदित्य चंद्राकर
डायरेक्टर-आशीष इंफोटेक


जय माता दी
मीना सीमेंट & स्टील
अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं
विशाल
बिरला गोल्ड सीमेंट, रेत, गिट्टी, ईट, सीमेंट एवं
सभी प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल के थोक व चिल्हर विक्रेता
न्यू गंज मंडी के पास, धमधा रोड, दुर्ग (छ.ग.)
98271-09424, 93023-89798


बिना रक्त की बूंद गिराये,
जिसने यह इतिहास गढा है ।
इन्ही सपूतों ने हिंदुराष्ट्र का,
पहला पत्थर जडा है ।।
जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेंद्राचार्य जी महाराज
दक्षिण पीठ, नाणीजधाम, जि.रत्नागिरी (महाराष्ट्र)
स्व. स्वरूप संप्रदाय, भक्त सेवा मंडल छत्तीसगढ़


सर्व समाज तिजहारिन समिति
अयोध्या के श्रीराम मंदिर में
भव्य श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं
यमला साहू
अध्यक्ष
डॉ वेदवती मंडावी
उपाध्यक्षा
मिथिला खिचरिया
महामंत्री
संध्या खिचरिया
सचिव
डॉ पुष्पलता शर्मा
सहसचिव
सरोज साहू
सावित्री वर्मा
उपासना साहू
रेणु देखमुख
लता वर्मा
पुष्पलता वर्मा
संगीता बंछोर
धनेश्वरी साहू
डॉ पूर्णिमा ठाकुर
रिमता वर्मा
रमा उईके
जयश्री वर्मा
नीरा वर्मा
अमिता वर्मा
सुषमा ताम्रकार
अर्चना वर्मा


अयोध्या के श्रीराम मंदिर में
श्रीराम लला की मुर्ति की
प्राण प्रतिष्ठा होने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं
लोधी विमल पटेल
सांसद प्रतिनिधि व संगठन मंत्री जिला लोधी समाज दुर्ग (छत्तीसगढ़) 491001
VIMAL PATEL @VimalPatel1754 7489841922


500 वर्षों का था वनवास, अब आया है रामराज्य
घर घर दीप जलाएंगे, 22 जनवरी को भव्य दिवाली मनाएंगे
मा. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मा. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
मा. अरूण साव जी
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मा. विजय शर्मा जी
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मा. किरण सिंह देव जी
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
संजीव कुमार सिंह
समाज सेवी
राजमहंत
मा. डोमनलाल कोर्सेवाड़ा
विधायक अहिवारा


जय श्री राम
।। श्रीरामचन्द्राय नमः।।
छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभु श्रीराम लला के
प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव
की अनंत शुभकामनाएं
22 जनवरी 2024, सोमवार
विजय बघेल
दुर्ग लोकसभा सांसद
ललित चंद्राकर
विधायक-दुर्ग ग्रामीण
विनीत : समस्त भारतीय जनता पार्टी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)